माइक्रोसेफली (Microcephaly)

रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।

माइक्रोसेफली क्या है?

माइक्रोसेफली से तात्पर्य है अल्ट्रासाउंड में नापने पर अथवा जन्म के बाद टेप से नापने पर शिशु के सिर का माप कम होना। यदि बच्चे के सिर का माप गर्भावस्था के सप्ताह अथवा जन्म के बाद आयु के औसत से बहुत कम है, उसे माइक्रोसेफली कहा जाता है। आमतौर पर, माइक्रोसेफली कहने के लिए सिर का माप औसत से 2 मानक या उससे ज्यादा कम होना ज़रूरी है, या फिर 95% भ्रूण या अपनी उम्र के शिशुओं के सिर के माप से कम होना आवश्यक है। गर्भावस्था में २८ सप्ताह या उसके बाद किये गए अल्ट्रासोनोग्राफी में माइक्रोसेफली का ज्यादा अच्छे से पता चलता है।

माइक्रोसेफली कैसे होती है?

माइक्रोसेफली के कई संभावित कारण हैं। माइक्रोसेफली का एक कारण माता-पिता में से किसी एक का या दोनों का प्रभावित होना है जिसकी वजह से शिशु का सिर भी छोटा हो सकता है। डाउन सिंड्रोम जैसी गुणसूत्रों की असामान्यताएं भी माइक्रोसेफली का कारण हो सकती हैं।

गर्भावस्था के दौरान माता के कुछ संक्रमणों के संपर्क में आने से बच्चे को माइक्रोसेफली हो सकती है, जिसमें साइटोमेगालोवायरस (सीएमवी), रूबेला, एचआईवी, टोक्सोप्लाज्मोसिस, हर्पीस, सिफलिस अदि शामिल हैं।

हाल ही में जीका वायरस भी माइक्रोसेफली का कारण पाया गया है। माँ द्वारा गर्भावस्था में शराब, कुछ दवाओं का सेवन या धूम्रपान, गंभीर कुपोषण, पारा और आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं के अथवा रेडिएशन के संपर्क में आने से भ्रूण में माइक्रोसेफली का खतरा बढ़ सकता है। गर्भस्स्थ शिशु या नवजात शिशु के विकासशील मस्तिष्क में क्षति होने से भी मस्तिष्क का विकास रुक सकता है एवं माइक्रोसेफली हो सकती है।

क्या मुझे और परीक्षण करवाने चाहिए?

माइक्रोसेफली के संदिग्ध कारण के आधार पर आगे का परीक्षण निर्धारित किया जाता है। आपके बच्चे की शारीरिक रचना में पाए गए अन्य लक्षणों के आधार पर किसी विशिष्ट बीमारी या सिंड्रोम के लिए जांच की आवश्यकता हो सकती है। कुछ स्थितियों में माइक्रोसेफली का कारण निर्धारित करने के लिए एमआरआई स्कैन की आवश्यकता हो सकती है। यदि गुणसूत्र संबंधी असामान्यता का संदेह हो तो आनुवंशिक परीक्षण किया जा सकता है; यदि वायरल संक्रमण का संदेह हो, तो मातृ एवं भ्रूण परीक्षण, जैसे रक्त परीक्षण या/और एम्नियोसेंटेसिस से यह निर्धारित करने में मदद मिल सकती है कि बच्चा संक्रमित था या नहीं।

गर्भावस्था के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

जन्म के समय ऐसा संभव है की शिशु में छोटे सिर के अलावा अन्य कोई लक्षण न हो। क्योंकि सिर कई बिमारियों के कारण छोटा हो सकता है, इसलिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है की गर्भावस्था में बच्चे का विकास सही हो रहा है और अन्य किसी वकृति के लक्षण नहीं हैं। इसके लिए नियमित प्रसवपूर्व क्लिनिक में जाना, समय समय पर अल्ट्रासाउंड करवाना चाहिए, जिसमें बच्चे के विकास में कमी होना या किसी अन्य समस्या के लिए ध्यान देना चाहिए।

मेरे बच्चे के जन्म के बाद उसके लिए इसका क्या मतलब है**?**

माइक्रोसेफली वाले कुछ शिशुओं में छोटे सिर के अलावा अन्य कोई लक्षण विकसित नहीं होता है,

और सिर छोटा होने से यह ज़रूरी नहीं है कि यह बच्चे के आगे के विकास में कमी होने का पूर्वसूचक हो। लेकिन कुछ बच्चों में माइक्रोसेफली के कारण के आधार पर कुछ समस्याएं विकसित हो सकती हैं, इसमें विकासात्मक देरी या सीखने की कठिनाइयाँ, देखने और/या सुनने में समस्याएँ, सेरिब्रल पाल्सी, दौरे, और सामान्य से ज़्यादा चंचल होना, आदि शामिल हैं।

प्रसव के बाद आपको बच्चों के मस्तिष्क के विशेषज्ञ के पास भेजा जा सकता है जो आपके जैसे शिशुओं का इलाज करने में कुशल हों। वे आपके बच्चे की वृद्धि और विकास की निगरानी कर सकते हैं, और आपके साथ मिलकर आपके बच्चे के लिए उपयुक्त उपचार की योजना बना सकते हैं। जबकि माइक्रोसेफली के लिए कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, फिर भी जल्दी इलाज जैसे की प्रोत्साहन और खेल कार्यक्रम लाभदायक है, साथ ही विशेष कर्मियों के साथ काम करना भी फायदेमंद है (उदाहरण के लिए, शारीरिक, व्यावसायिक, या वाणी चिकित्सक, और अन्य) ।

क्या ऐसा दोबारा हो सकता है **?**

बाद के गर्भधारण में माइक्रोसेफली दोबारा होने की संभावना अंतर्निहित कारण पर निर्भर करता है। यह अत्यधिक परिवर्तनशील है और 50% से 25% तक हो सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि माता-पिता में से एक या दोनों प्रभावित हैं या नहीं। यदि माइक्रोसेफली डाउन सिंड्रोम जैसी गुणसूत्र सम्बन्धी असामान्यता के कारण है, तो मातृ आयु से संबंधित जोखिम के अलावा जोखिम लगभग 1% है। यदि माइक्रोसेफली किसी संक्रमण या अन्य एजेंटों के संपर्क के कारण हुआ है, तो बाद के गर्भधारण में जोखिम न्यूनतम है।

मुझे और क्या प्रश्न पूछने चाहिए?

- मेरे बच्चे में माइक्रोसेफली का सबसे संभावित कारण क्या है?
- मुझे कितनी बार अल्ट्रासाउंड जांच करानी होगी?
- क्या सर्जरी के माध्यम से मेरे बच्चे की स्थिति को ठीक किया जा सकता है?
- क्या मेरे बच्चे को विशेष देखभाल की आवश्यकता होगी?
- क्या मैं उन विशेषज्ञों से मिल सकती हूँ जो मेरे बच्चे के जन्म के बाद उसका परिक्षण करेंगे और प्रसव से पहले उसकी देखभाल के बारे में परामर्श देंगे?

Last updated 2024